# हिन्दी प्रादेशिक समाचार

## आकाशवाणी चंडीगढ़

## (तिथि 21 सितंबर 2026, समय 18:10 (10 मिनट)

**मुख्य समाचार :-**

1. दूरसंचार विभाग ने धोखाधड़ी से सिमकार्ड जारी किये जाने और आईएमईआई नम्बरों के साथ छेड़छाड़ को लेकर लोगों को सतर्क रहने को कहा।
2. केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि देश में दवा और चिकित्सा उपकरणों की निगरानी को और मजबूत किया जाएगा।
3. हरियाणा सरकार ने सिंचाई, सड़कों, पेयजल आपूर्ति तथा बुनियादी भंडारण ढांचे के विकास के लिए 2,295 करोड़ 27 लाख रुपये की परियोजनाओं के प्रस्ताव तैयार किए।
4. हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने प्रदेश के राजकीय विद्यालयों के पुस्तकालयों में बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए।
5. श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय ने सेमीकंडक्टर के क्षेत्र की दो अग्रणी कंपनियों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

---

दूरसंचार विभाग ने सिमकार्ड को धोखाधड़ी से जारी किये जाने, दूरसंचार पहचानकर्ताओं के दुरूपयोग या आईएमईआई नम्बरों के साथ छेड़छाड़ को लेकर लोगों से सतर्क रहने को कहा है। विभाग ने दोहराया है कि ऐसा किया जाना एक दंडनीय अपराध है जिसमें तीन साल तक की जेल और 50 लाख रूपये तक का जुर्माना हो सकता है। विभाग ने लोगों से अपना सिमकार्ड किसी ओर के साथ साझा न करने को कहा है। विभाग ने लोगों को सलाह दी है कि फर्जी दस्तावेजों के जरिये सिमकार्ड न खरीदें।
केन्द्रीय संचार मंत्रालय ने लोगों को सलाह दी है कि वे संचार साथी पोर्टल और मोबाइल एप के जरिये अपने मोबाइल का नियमित रूप से सत्यापन करें। ये प्लेटफार्म उपयोगकर्ताओं को उनके नाम से जारी सभी मोबाइल नम्बरों पर निगरानी रखने सुविधा देता है और अनावश्यक नम्बरों को  ब्लॉक करता है। मंत्रालय ने कहा है कि साइबर धोखाधड़ी में दूरसंचार साधनों के दुरूपयोग को रोकने में यह उपाय महत्वपूर्ण है।

---

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा है कि दवाओं के दुष्प्रभावों और प्रतिकूल प्रतिक्रिया की निगरानी में भारत की यात्रा पिछले वर्षों में आत्मनिरर्भता का एक उल्लेखनीय उदाहरण रही है। आज नई दिल्ली में "नेशनल फॉर्म्यूलरी ऑफ इंडिया" के 7वें संस्करण को जारी करते हुए उन्होंने यह बात कही। सुश्री पटेल ने बताया कि देश में दवाओं के प्रतिकूल प्रभावों की निगरानी के लिए फिलहाल एक हजार एक सौ से अधिक केंद्र कार्यरत हैं।

देश में अभी करीब एक हजार 150 प्रतिकूल दवा प्रतिक्रिया निगरानी केंद्र और 773 चिकित्सा उपकरणों से जुड़ी प्रतिकूल घटनाओं की रिपोर्टिंग केन्द्र कार्यरत हैं। ये केंद्र सरकारी और निजी अस्पतालों तथा मेडिकल कॉलेजों में संचालित हैं। अब इन सुविधाओं का विस्तार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर तक करने की योजना है, जिससे दवा और चिकित्सा उपकरणों की सुरक्षा निगरानी को और मजबूत किया जा सकेगा।

सुश्री पटेल ने बताया कि भारत अब दवाओं के दुष्प्रभावों और प्रतिकूल प्रतिक्रिया की निगरानी से जुडे आंकड़े विश्व स्वास्थ्य संगठन के रोगी सुरक्षा डेटाबेस को दे रहा है। इस दोरान सुश्री पटेल ने लोगों से बिना चिकित्सकीय सलाह के दवा न लेने की अपील भी की।

----------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा सरकार ने सिंचाई, सड़कों, पेयजल आपूर्ति तथा बुनियादी भंडारण ढांचे के विकास के लिए 2,295 करोड़ 27 लाख रुपये की ग्रामीण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के प्रस्ताव तैयार किए हैं। इनमें से 2,180 करोड़ 50 लाख रुपये की ऋण सहायता नाबार्ड के ग्रामीण अवसंरचना विकास कोष के तहत मिलेगी।

मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने आज चंडीगढ़ में राज्य में नाबार्ड की सहायता से चल रही बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करने के बाद यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2026-27 के लिए राज्य सरकार की प्राथमिकता वाली छह प्रमुख परियोजनाओं में सिंचाई, पेयजल, सड़क और वेयरहाउसिंग बुनियादी ढांचे में महत्वपूर्ण निवेश प्रस्तावित है।

नाबार्ड की मुख्य महाप्रबंधक  निवेदिता तिवारी ने बताया कि नए प्रस्तावों में 315 करोड़ 36 लाख रुपये की कुल लागत वाली सिंचाई परियोजना शामिल है, जिसके लिए 299 करोड़ 59 लाख रुपये की ग्रामीण अवसंरचना विकास कोष से सहायता प्रस्तावित है। इसके अलावा, सड़कों के सुधार, चैड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण से संबंधित 57 परियोजनाओं की कुल लागत 495 करोड़ 71 लाख रुपये है, जिनके लिए 470 करोड़ 92 लाख रुपये की ग्रामीण अवसंरचना विकास कोष से सहायता का प्रस्ताव है। दोनों प्रस्ताव कोष के पोर्टल पर प्रस्तुत किए जा चुके हैं।

----------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि प्रदेश के राजकीय विद्यालयों के पुस्तकालयों में बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएगी। शिक्षा मंत्री ने आज चंडीगढ़ में शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक के बाद यह जानकारी दी।
उन्होंने बताया कि अधिकारियों को राजकीय स्कूलों के कायाकल्प का कार्य एक तय समय सीमा के भीतर हर हाल में पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों और शैक्षणिक व्यवस्था में किसी भी प्रकार की ढिलाई या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि किसी स्तर पर कार्य में देरी होती है तो संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2036 के ओलंपिक खेलों में हरियाणा के खिलाड़ी देश के लिए और अधिक से अधिक पदक जीत सकें, इस दूरगामी लक्ष्य को हासिल करने के लिए स्कूलों से ही तैयारी शुरू की जा रही है। इसके लिए राजकीय स्कूलों में खिलाड़ियों के लिए उच्च गुणवत्ता का खेल सामान और प्रशिक्षण मुहैया करवाया जाएगा।

------------------------------------------------------------------------------------

श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय ने आज सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में अग्रणी कम्पनी पुणे की सैंक्वायर और बेंगलुरु की नामी कंपनी इंटेलिसेंस सॉफ्टवेयर कॉर्पोरेशन के साथ एक समझौता हस्ताक्षर किया है। कुलगुरु प्रोफेसर दिनेश कुमार की मौजूदगी में विश्वविद्यालय के कुलसचिव सुमन वशिष्ठ ने सैंक्वायर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. विनायक प्रभु और इंटेलिसेंस के निदेशक डॉ. श्रीपदराजा ने इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

कुलगुरु प्रोफेसर दिनेश कुमार ने कहा कि इसका उद्देश्य भारत सरकार के सेमीकंडक्टर मिशन में विश्वविद्यालय की भूमिका सुनिश्चित करना है। यह सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में विश्वविदयालय की बड़ी पहल साबित होगी। उन्होंने कहा कि आने वाले कुछ सालों में सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में लाखों कुशल पेशेवरों की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा कि यह रोजगार की दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

-----------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा सरकार में खेल एवं युवा अधिकारिता राज्य मंत्री गौरव गौतम ने आज पलवल के नेता जी सुभाष चंद्र बोस इंडोर स्टेडियम में 59 वीं तीन दिवसीय राज्य स्तरीय विद्यालय खो-खो प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में प्रदेशभर से 900 महिला खिलाड़ी भाग ले रही है। खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की बेटियों को खेलों के क्षेत्र में बेहतर मंच प्रदान करने के उद्देश्य से राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता करवाई जा रही है।

उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता का उद्देश्य बालिकाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना तथा उन्हें अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए बेहतर अवसर उपलब्ध करवाना है। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों से आह्वान किया है कि नशे से दूर रहे और खेलों में बढ़ चढ़कर भाग लें।

-----------------------------------------------------------------------------------------

चंडीगढ़ के सेक्टर 31 स्थित राजकीय बौद्धिक दिव्यांग पुनर्वास संस्थान के प्रधानाचार्य श्री अनिल कुमार को नई दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय समरसता मंच द्वारा आयोजित समारोह में 'वैश्विक शिक्षक रत्न पुरस्कार' से सम्मानित किया गया।उन्हें यह पुरस्कार विशेष शिक्षा तथा बौद्धिक दिव्यांगजनों के पुनर्वास, समावेशन और सशक्तिकरण के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए प्रदान किया गया। समारोह में देश के विभिन्न राज्यों के कुल 51 शिक्षकों को 'वैश्विक शिक्षक रत्न पुरस्कार' और 'शिक्षक गौरव पुरस्कार' से सम्मानित किया गया।

-------------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा के जिला पलवल के गांव कुलैना निवासी किसान बलराम पिछले कई वर्षों से जैविक एवं प्राकृतिक खेती के माध्यम से बागवानी के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहे हैं। उन्होंने खेती में विविधता को अपनाते हुए विभिन्न प्रकार के मसाले, सब्जियां, दालें तथा बागवानी पौधे लगा कर मुनाफा कमा रहे हैं।

प्रगतिशील किसान बलराम ने बताया –

उन्होंने कहा कि प्राकृतिक एवं जैविक खेती के प्रति उनकी रुचि ने उन्हें पारंपरिक खेती के साथ-साथ बागवानी के क्षेत्र में भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया है।

-----------------------------------------------------------------------------------------------------